पाक्षिक



खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : मंगलवार 03 नवम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

करंट लगने से ठेकेदार समेत 8 की मौत

झुंझुनूं में सड़क बनाते समय मशीन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई; नाराज गांव वाले धरने पर



झुंझुनूं कासं। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के छापोली गांव में सोमवार सुबह सड़क बना रहे 8 मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। 5 अन्य मजदूर झुलस गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।

उदयपुरवाटी के SHO रामपाल ने बताया- सड़क पर काम कर रही रोड़ी-बजरी मिक्सर मशीन का हाइड्रोलिक जैक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। इससे मशीन में करंट फैल गया और वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया

पहले रास्ते से दूर थी 11KV लाइन, कुछ दिन पहले ही बदली

हादसे के बाद ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। ग्रामीण रोहिताश्व ने बताया- 11KV की लाइन पहले रास्ते से दूर थी, लेकिन कुछ दिन पहले इस लाइन को बदलकर रास्ते के ऊपर से लिया गया था। तार नीचे होने के कारण ये बड़ा हादसा हो गया।

आरसीसी डालने का काम करता था ठेकेदार विष्णु

ग्रामीणों ने बताया- जन सहयोग से सड़क बनाई जा रही थी। करीब तीन-चार महीने से काम चल रहा था, जो बीच बीच में रुक जाता था। गांव का ठेकेदार विष्णु सैनी आरसीसी डालने का काम करता था। ग्रामीणों के कहने पर उसने सोमवार को काम फिर से शुरू किया था।

ग्रामीण बोले- सरकार इस गांव के लिए मर चुकी है

ग्रामीण अविनाश ने बताया- इस काम को बार-बार रोका गया। सरकार इस गांव के लिए मर चुकी है, चाहे कोई भी काम हो। इस काम के लिए गांव वालों ने पैसा इकट्ठा किया था। इसके बाद भी सरकारी अधिकारियों और नेताओं ने 2 बार काम बंद करवाया था। हाथा-जोड़ी कर फिर से काम शुरू करवाया था।

जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे

हादसे की जानकारी मिलने पर झुंझुनूं कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, एसपी कावेंद्र सिह सागर, विधायक भगवानाराम सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, गुर्जर नेता रविंद्र सिंह भडाना सहित कई लोग मौके पर पहुंचे।

मंत्री ने सीएम से बात की, मरने वालों में ठेकेदार भी शामिल

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा मौके पर पहुंचे। लोगों से घटना की जानकारी ली। गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं आने पर सीएम भजनलाल शर्मा से बात करने के लिए मंत्री खर्रा और पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी स्टेट हाईवे पर आए। मंत्री ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण खुद के पैसे से काम करवा रहे थे। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है। हादसे में ठेकेदार विष्णु की भी मौत हो गई है।

मृतक हालेड़ा मंडावरा और छापोली के रहने वाले

हादसे में हालेड़ा मंडावरा निवासी हरिराम गुर्जर (30), मंगलचंद गुर्जर (22), कालूराम गुर्जर (29) और पवन गुर्जर (23), छापोली निवासी विष्णु सैनी (38), सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी (30), मुकेश सैनी (27) और फतेहचंद सैनी (32) की मौत हो गई।

मृतकों के परिजनों को संविदा पर नौकरी, 2-2 करोड़ मुआवजे की मांग

छापोली के प्रमोद सैनी ने कहा- मृतकों के आश्रितों को संविदा पर नौकरी और 2-2 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए। इसके बाद गांव की कमेटी जो तय करेगी, उसके अनुसार मुआवजा दिया जाए।

27 जिला परिषदों, 116 पंचायत समितियों में वोटिंग आज

1.06 करोड़ वोटर करेंगे 9094 प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला, सीएम के गृह जिले में सबसे ज्यादा उम्मीदवार



जयपुर (खबर आस पास)। पंचायतीराज चुनावों के तीसरे फेज में आज 27 जिलों में वोटिंग होगी। 27 जिला परिषदों के 377 वार्डों और 116 पंचायत समितियों के 2119 वार्डों के लिए वोट डाले जाएंगे।

जिला परिषद के 377 वार्ड के लिए 1305 उम्मीदवार हैं, जबकि पंचायत समिति के 2119 वार्डों के लिए 7789 प्रत्याशी मैदान में हैं। तीसरे फेज में 1 करोड़ 6 लाख 81 हजार 567 वोटर 9094 प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला करेंगे। इसके लिए 11,869 मतदान केंद्र (पोलिंग स्टेशन) बनाए गए हैं।

सीएम के गृह जिले भरतपुर में सबसे ज्यादा उम्मीदवार

जिला परिषद और पंचायत समिति उम्मीदवारों के मामले में सीएम भजनलाल शर्मा का गृह जिला भरतपुर टॉप पर है।

भरतपुर में 19 वार्ड में जिला परिषद मेंबर के 91 उम्मीदवार हैं।जिला परिषद के वार्डों की संख्या सबसे ज्यादा दौसा और हनुमानगढ़ में 24-24 है।

पंचायत समितियों में दौसा में सबसे ज्यादा 142 वार्ड हैं, जहां 474 उम्मीदवार हैं। भरतपुर में 98 पंचायत समिति वार्ड में चुनाव हो रहे हैं, वहां 696 उम्मीदवार मैदान में हैं, जो तीसरे फेज में सबसे ज्यादा हैं।

जयपुर की 5 पंचायत समितियों में वोटिंग आज: 32 जिला परिषद सदस्य सहित 264 उम्मीदवार मैदान में, 3.74 लाख से ज्यादा वोटर करेंगे मतदान

राजस्थान में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग आज होगी। जयपुर जिले में 5 पंचायत समितियों में वोटिंग के लिए आज पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं।

इन पंचायत समितियों के अलावा जिला परिषद के 11 वार्डों में भी वोटिंग करवाई जाएगी। इन चुनावों में कुल 264 उम्मीदवार मैदान में है। वोटिंग सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी।

आज भवानी निकेतन परिसर स्थित फार्मेसी कॉलेज से जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक के निर्देशन में पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। ये पोलिंग पार्टियां इन सभी 5 पंचायत समितियों के वार्डों में कल वोटिंग करवाएंगी।

वोटिंग के बाद चुनाव ईवीएम मशीनें देर रात तक जयपुर में भवानी निकेतन परिसर लाई जाएगी। जहां 20 नवंबर को इन वोटों की गणना करके रिजल्ट जारी किया जाएगा।

इन 5 पंचायत समितियों में आज चुनाव

पंचायत समिति चाकसू, कोटखावदा, माधोराजपुरा, फागी और सांगानेर में 3 नवंबर को वोटिंग होगी। जबकि इन्ही पंचायत समिति क्षेत्रों में आ रहे जिला परिषद वार्ड संख्या 27 से 37 में भी वोटिंग करवाई जाएगी।

दिल्ली-एनसीआर में दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे:अस्पताल-वृद्धाश्रम जैसे साइलेंस जोन में रोक, सुप्रीम कोर्ट ने लगातार दूसरे साल परमिशन दी



नई दिल्ली एजेन्सी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर 2026 को ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। पटाखे केवल सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक जलाए जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर रोक लगाई है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी 'नो-क्रैकर जोन' घोषित किया जाए। इनकी उचित मार्किंग की जाए और लोगों को इसकी जानकारी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 15 अक्टूबर को दिल्ली-हृष्टक्रमें पटाखे चलाने को लेकर आदेश दिया था। इसमें दो दिन 19 और 20 अक्टूबर को ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत दी थी।

कोर्ट में बताया- देश में वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें

मामले में कोर्ट की सहायता कर रहीं एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ वकील उत्तरा बब्बर ने वायु प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान और दिल्ली-हृष्टक्र में पटाखे जलाने के खतरों के बारे में बताया। उन्होंने स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत में मौतों के प्रमुख कारणों में वायु प्रदूषण सबसे आगे है। इसके कारण देश में 20.1 लाख से ज्यादा मौतें हुईं। इनमें से 21% मौतें पांच साल से कम उम्र के बच्चों की थीं।

अमेरिका में प्लेन क्रैश, 9 की मौत

पायलट बोला- तेजी से नीचे गिर रहे, जमीन से टकराने वाले हैं, वक्त नहीं बचा



नई दिल्ली एजेन्सी। अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 9 लोगों की मौत हो गई। AFP के मुताबिक, विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। हादसे से कुछ देर पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को कहा, 'विमान तेजी से नीचे गिर रहा है, हम जमीन से टकराने वाले है। अब वक्त नहीं बचा।' इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया। टक्कर होते ही जोरदार धमाका हुआ जमीन पर बड़ा गड्ढा बन गया और आसपास के इलाके में आग फैल गई।

हादसे की जगह राष्ट्रपति ट्रम्प के मार-ए-लागो आवास से करीब 14 किलोमीटर दूर है।

क्रैश से पहले पायलट ने 'मेडे' कॉल दी थी

एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और पायलट के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें पायलट ने बताया कि मौसम खराब हो रहा है। विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। हालात बिगड़ने पर पायलट ने 2 हजार फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति मांगी। इसी दौरान विमान तेजी से नीचे गिरने लगा। स्थिति बिगड़ती देख पायलट ने इमरजेंसी घोषित कर दी।

पायलट ने रेडियो पर कहा,

हम 8 हजार फीट नीचे जा रहे हैं... मेडे, मेडे... हम 10 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिर रहे हैं। हम जमीन से टकराने वाले हैं

30 हजार फीट/मिनट की रफ्तार से नीचे गिरा विमान

विमान हादसे से पहले 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। नीचे गिरते समय विमान की अधिकतम रफ्तार 30 हजार फीट प्रति मिनट तक पहुंच गई। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि यह हादसा दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर हुआ। उन्होंने इसे बेहद दर्दनाक हादसा बताया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन जांच में मदद के लिए अपनी टीम भेज रहा है। यह टीम नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के साथ मिलकर हादसे की जांच करेगी।

आप छोड़ने वाले तीनों विधायक बीजेपी में शामिल

बोले- पंजाब में फिरौती इंडस्ट्री बनी, गैंगस्टर सरकार में; तीनों ने पिछले दो दिन में इस्तीफा दिया



कुंवर विजय प्रताप सिंह, अमृतसर नॉर्थ | चेतन जौड़ामाजरा, समाना (पटियाला) | हरमीत पठानमाजरा, सनौर (पटियाला)

नइ दिल्ली एजेन्सी। पंजाब चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के 3 विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। BJP जॉइन करने के बाद विधायक कुंवर ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए हैं। फिरौती की इंडस्ट्री चल रही है। इन तीनों विधायकों ने पिछले 2 दिनों में आप से इस्तीफा दिया। रविवार को जौड़ामाजरा और पठानमाजरा के इस्तीफे के बाद सोमवार को कुंवर ने भी पार्टी छोड़ दी। कुंवर और पठानमाजरा ने विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। कुंवर को जून 2025 में आप ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 5 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

आप छोड़ बीजेपी जॉइन करने वाले तीनों विधायकों की 4 अहम बातें

- **गैंगस्टर सरकार में, फिरौती इंडस्ट्री बनी:** विधायक कुंवर विजय प्रताप ने कहा कि पंजाब में जिन गैंगस्टरों के खिलाफ वह कोर्ट में गवाही दे रहे, वे सरकार का हिस्सा बन चुके हैं। फिरौती एक इंडस्ट्री बन गई है। यह शर्मनाक है।
- **पंजाब को कर्ज में डुबोया:** विधायक हरमीत पठानमाजरा ने कहा कि आप सरकार ने ढाई लाख करोड़ का कर्ज लिया। यह अब तक का सबसे बड़ा कर्ज है। जब मैंने पंजाब की बात उठाई तो मुझे परेशान किया गया।
- **कब, किसकी हत्या हो जाए, पता नहीं:** विधायक चेतन जौड़ामाजरा ने कहा- ऐसे हालात बन गए हैं कि पंजाब में कब, किसकी हत्या हो जाए, पता नहीं। 3 हजार ग्रामीण डिस्पेंसरी बंद कर 881 आम आदमी क्लिनिक खोल दिए।
- **दूध लेने बाहर जाना पड़ता है, नशे की होम डिलीवरी:** विधायकों ने कहा कि दूध लेने हमें घर से बाहर जाना पड़ता है, लेकिन पंजाब में नशे की होम डिलीवरी हो रही है। 35 दिन में सगे भाइयों की नशे से मौत हुई।

दावा- इंडिया ब्लॉक की रैली से रु.11,000 करोड़ का नुकसान

व्यापारी संगठन बोले- रविवार को दिल्ली के 20 बड़े बाजारों की 2.5 लाख दुकानें बंद रहीं

नई दिल्ली एजेन्सी। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की रैली हुई थी। व्यापारी संगटनों ने दावा किया है कि उन्हें इस रैली से करीब 11 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) और अन्य व्यापारी संगठनों के अनुसार दिवाली के ठीक पहले हुई इस रैली और सुरक्षा-यातायात प्रतिबंधों के चलते दिल्ली के 20 बड़े बाजारों में लगभग 2.5 लाख दुकानें बंद रहीं। CTI ने इससे व्यापारियों को करीब 11 हजार करोड़ रुपए तक के कारोबार का नुकसान होने का दावा किया है।कन्फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने राहुल गांधी को चौथी बार चिट्ठी लिखकर रामलीला मैदान में INDIA ब्लॉक की रैली से दिल्ली के कारोबार और ट्रांसपोर्ट पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता जताई थी।

राहुल ने कहा था- बीजेपी ने जबरन दुकानें बंद कराईं

राहुल गांधी ने मार्च के दौरान वीडियो जारी करके कहा कि बीजेपी ने कनॉट प्लेस की सभी दुकानें जबरन बंद करवा दीं।

मार्च और मेगा रैली में शामिल होने आए लोगों से खरीदारी करने की अपील की गई थी, लेकिन कनॉट प्लेस पहुंचने पर दुकानें बंद मिलीं।

लोगों को समझना चाहिए कि उनका नुकसान कौन करवा रहा है और यह कैसे हो रहा है।

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत

मिसाइल और सेंसर सिस्टम से लैस होंगे; दो भारतीय कंपनियां बनाएंगी; रक्षा मंत्रालय से रु.53,866 करोड़ का करार



नई दिल्ली एजेन्सी। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए रु.53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे।

इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है।

इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) तीन युद्धपोत बनाएगी। सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए।

दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे।

भारत में बने सामान और तकनीक का इस्तेमाल होगा

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इनका डिजाइन भी भारतीय नौसेना तैयार करेगी। युद्धपोतों को 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है।

यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान का हिस्सा है। इससे देश में युद्धपोत बनाने के काम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने और भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इंदौर में आरएसएस की तीन दिन बैठक,डॉ. मोहन भागवत शामिल

408 पदाधिकारी संगठन विस्तार-सामाजिक अभियानों की समीक्षा करेंगे; देश में दैनिक शाखाएं 1.01 लाख से अधिक

इंदौर एजेन्सी। इंदौर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार को डेली कॉलेज में शुरूहो गई। बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सभी छह सह सरकार्यवाह सहित देशभर के करीब 408 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हैं। 4 नवंबर तक चलने वाली इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर मंथन होगा। संघ ने पिछले एक साल में देशभर में 13 हजार से अधिक नई दैनिक शाखाएं जुड़ने की जानकारी दी है।

आगे की दिशा तय की जाएगी

इसके साथ ही 65 हजार से ज्यादा हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। बैठक में इन आयोजनों से मिले अनुभवों के आधार पर आगे की गतिविधियों की दिशा तय की जाएगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में संघ के 11 क्षेत्र और 46 प्रांतों से संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह, सह कार्यवाह, प्रचारक और सह प्रचारक शामिल हुए हैं। अंतिम दिन विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी और आंकड़े साझा किए जाएंगे।

देशभर में 1.01 लाख से ज्यादा दैनिक शाखाएं

आंबेकर ने बताया कि देशभर में संघ की दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1 लाख 1 हजार 151 हो गई है। साप्ताहिक मिलन और मासिक मिलन को मिलाकर संघ का काम अब 1 लाख 10 हजार 849 स्थानों तक पहुंच गया है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में शताब्दी वर्ष के दौरान 13 हजार से अधिक नई दैनिक शाखाएं जुड़ी हैं। बैठक में कार्य विस्तार के प्रयासों के परिणाम और अनुभवों की समीक्षा होगी।

शाखाओं के साथ साप्ताहिक और मासिक मिलन की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी चर्चा की जाएगी। शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में 65 हजार 660 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान, बड़ी मात्रा में दूषित खाद्य सामग्री नष्ट और सीज

400 किलो फफूंद लगा मावा, 309 किलो खराब ड्राई फ्रूट और 90 किलो गुलाब जामुन करवाए नष्ट, 28 हजार किलो दूषित मैदा भी किया सीज

बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। दीपावली के त्योहार के मद्देनजर प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीकानेर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में दूषित एवं अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई है, जबकि विभिन्न खाद्य पदार्थों को जांच रिपोर्ट आने तक सीज किया गया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार संचालित इस अभियान के संबंध में अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण और नमूनीकरण के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। अभियान के तहत दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मसाले, मिठाइयां, घी, तेल, मावा और ड्राई फ्रूट के नमूने प्राथमिकता से लिए जा रहे हैं।

डॉ. साध ने बताया कि अभियान के तहत अब तक लगभग 400 किलोग्राम फफूंद लगा दूषित मावा, 309 किलोग्राम दागी एवं बदबूदार बादाम, पिस्ता व अखरोट तथा 90 किलोग्राम गुलाब जामुन जनहित में मौके पर ही नष्ट करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 735 किलोग्राम अवधिपार कालानमक भी नष्ट करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने तक 1250 किलोग्राम सूजी (हाई लाइफ), 3950 किलोग्राम आटा (शिवशक्ति ब्रांड), 750 लीटर धनश्री तेल तथा 2319 लीटर घी (वातुला, निजोन एवं वर्सेटाइल ब्रांड) सीज किया गया है। जयपुर से आई केंद्रीय टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में लगभग 28 हजार किलोग्राम दूषित मैदा सीज किया गया। वहीं, 2750 किलोग्राम अवधिपार मैदा पापड़ नष्ट करवाए गए। इसके अलावा विभिन्न ब्रांड के लगभग 22 हजार किलोग्राम तेल को जांच रिपोर्ट आने तक सीज किया गया है।

100 से अधिक नमूने जांच के लिए भेजे

डॉ. साध ने बताया कि अभियान के तहत अब तक खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत 100 से अधिक नमूने लेकर जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाए जा चुके हैं। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे मिलावटी एवं फफूंद लगा मावा का भंडारण और विक्रय नहीं करें। मावे को अखबार के कागज में रखकर भंडारित करना भी प्रतिबंधित है।

उन्होंने कहा कि पनीर, मावा, दूध एवं दूध से बनी मिठाइयों जैसे शीघ्र खराब होने वाले खाद्य पदार्थों का परिवहन निर्धारित कोल्ड चेन व्यवस्था के तहत किया जाए। कचौरी, समोसे एवं पकौड़े आदि अखबार या रंगीन कागज में परोसने से बचें। सभी खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। अभियान के तहत खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा, भानू प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार गोदारा, निशान्त चारण, सोना रानी, ममता सोंग्रा, इंद्र प्रकाश ढाका एवं महावीर मेघवाल द्वारा की जा रही है।

जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने संभाग स्तरीय सहकार मेले का किया अवलोकन

सहकारी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का किया आह्वान, संभाग की 51 सहकारी समितियों के उत्पादों का किया जा रहा प्रदर्शन







बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)। जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने ग्रामीण हाट में लगाए जा रहे संभाग स्तरीय सहकार मेले का सोमवार को अवलोकन किया। मेले में संभाग की 51 सहकारी समितियों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों की स्टॉल्स लगाई गई हैं। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक स्टॉल के उत्पादों की जानकारी ली तथा उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता और बिक्री की स्थिति के संबंध में स्टॉल धारकों से संवाद किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे उत्पादकों, कारीगरों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का बेहतर मंच मिलता है। ऐसे आयोजन उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आमजन की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को मेले में पहुंचकर यहां प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन करना चाहिए और इनकी खरीद को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से समितियों की आय बढ़ेगी तथा इनसे जुड़े कारीगरों और उत्पादकों को भी आर्थिक संबल मिलेगा। उन्होंने सहकारी समितियों से उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, उनकी आकर्षक पैकेजिंग करने तथा विपणन के नए माध्यम विकसित करने का आह्वान किया।

जिला कलेक्टर ने मेले में प्रदर्शित केर, सांगरी, कच्ची घाणी के तेल, देसी शहद, जैविक मोटे अनाज से बने उत्पादों, हैंडीक्राफ्ट आइटम, पापड़, भुजिया, बड़ी, हर्बल उत्पादों, सूखी सब्जियों तथा हस्तशिल्प की विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने उत्पादों की विशेषताओं और उनकी बाजार मांग के बारे में जानकारी लेते हुए स्टॉल संचालकों से बिक्री संबंधी फीडबैक भी प्राप्त किया।

अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां संजय गर्ग ने बताया कि यह मेला 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें बीकानेर संभाग की विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। मेले के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे आमजन को सहकारी उत्पादों के साथ स्थानीय कला एवं संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है।

इस दौरान उप रजिस्ट्रार प्रियंका जांगिड़, सहायक रजिस्ट्रार रोहित कस्वां, सहायक रजिस्ट्रार गायत्री शर्मा, कपिला चोयल, उमाकांत व्यास, कनुप्रिया, गायत्री शर्मा तथा भरत कुमार थानवी सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हृदय रोग जागरूकता शिविर में 100 से अधिक सदस्य हुए लाभान्वित, समाज की तीन प्रतिभाओं का सम्मान

सी.के. बिरला हॉस्पिटल एवं श्रीकृष्ण गोस्वामी भट्ट तैलंग समाज धर्मार्थ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन; त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन की भी घोषणा

जयपुर, (खबर आस पास)। श्रीकृष्ण गोस्वामी भट्ट तैलंग समाज धर्मार्थ सेवा समिति, जयपुर एवं सी.के. बिरला हॉस्पिटल, दुर्गापुरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अस्पताल के सभागार में हृदय रोग संबंधी स्वास्थ्य परिचर्चा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष आमंत्रित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी शर्मा ने हृदय रोगों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने वाली सीपीआर (CPR) तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस परिचर्चा से समिति से जुड़े लगभग 100 सदस्य लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान समिति की ओर से डॉ. अश्विनी शर्मा का सम्मान कर उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में समाज की तीन विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें समाजसेविका डॉ. रुचि गोस्वामी, डायरेक्टर ध्वनि फाउंडेशन; शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली सुश्री शेफाली गोस्वामी तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्ढ), डिजिटल मार्केटिंग एवं आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले श्रेय गोस्वामी शामिल रहे।



अपने उद्बोधन में डॉ. रुचि गोस्वामी ने ध्वनि फाउंडेशन के माध्यम से संचालित सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तीकरण, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं कौशल विकास जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। शेफाली गोस्वामी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों तथा श्रेय गोस्वामी ने एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर समाज की त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन की घोषणा भी की गई।

समिति अध्यक्ष नटवर गोस्वामी ने समिति द्वारा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। समिति महासचिव प्रबोध गोस्वामी ने अपने संबोधन में समाज सेवा के इस संकल्प से अधिक से अधिक सदस्यों को जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षकगण ओमप्रकाश गोस्वामी, राधाकृष्ण गोस्वामी, अरुण गोस्वामी एवं नीरज गोस्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समाज की विशिष्ट हस्ती सुरमणि भास्कर गोस्वामी ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन गोपेश भट्ट ने किया। आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं सहयोग के लिए समिति की ओर से आशीष शर्मा, आदित्य अग्रवाल तथा सी.के. बिरला हॉस्पिटल के संपूर्ण प्रशासन के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए विभाग सख्त, दो प्रतिष्ठानों पर 45 हजार रुपए का जुर्माना

बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिले में औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार 2 से 4 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत सोमवार को करणी औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कुल 45 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विधिक माप विज्ञान अधिकारी सुरेश कुमार एवं अमित कुमार के संयुक्त जांच दल ने करणी औद्योगिक क्षेत्र स्थित राज फूड इंडस्ट्रीज एवं आरएस फूड प्रोडक्ट्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में सही वस्तुएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पैकेज कमोडिटी नियमों के तहत आवश्यक घोषणाओं एवं कांटों का परीक्षण किया गया।


निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों पर कांटों का सत्यापन नहीं करवाने तथा पैकर्स पंजीयन नहीं होने की अनियमितताएं पाई गईं। इस पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009, पैकेज कमोडिटी नियम-2011 तथा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम-2011 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 45 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी जिलेभर में संचालित प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा। अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी व्यापारियों से प्रमाणित एवं सत्यापित कांटा-बांट का ही उपयोग करने की अपील की है।

राउमावि आईजीएनपी कॉलोनी में ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का आगाज

चित्रकला, भाषण एवं निबंध लेखन से विद्यार्थियों ने दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश

प्रधानमंत्री जी के पर्यावरण संरक्षण संदेश से प्रेरित आयोजन; 2 से 7 नवंबर तक अलग-अलग थीम पर होंगे कार्यक्रम





बीकानेर, (खबर आस पास)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आईजीएनपी कॉलोनी, बीकानेर में सोमवार को ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का आगाज हुआ। विद्यालय में 2 से 7 नवंबर तक प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण, जिम्मेदार खाद्य व्यवहार, प्लास्टिक का उपयोग घटाने तथा कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

भारत की अध्यक्षता में 12-13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में मनाए जा रहे इस सप्ताह को प्रधानमंत्री जी के 'मिशन लाइफ–पर्यावरण के लिए जीवनशैली' के संदेश से जोड़ा गया। कार्यक्रम में दैनिक जीवन के छोटे-छोटे बदलावों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने और प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया गया।

इस अवसर पर बिजली वितरण कंपनी बीकेसीएल के असिस्टेंट मैनेजर श्री प्रदीप कुमार पटनायक ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग और अनावश्यक खपत कम करने का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को विद्यालय के साथ अपने घरों में भी ऊर्जा बचत की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण एवं निबंध लेखन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों में बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण का महत्व प्रस्तुत किया। इन गतिविधियों के माध्यम से ऊर्जा बचत को दैनिक जीवन की आदत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन उपप्रधानाचार्य वंदना राठौड़, ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह प्रभारी मनिता एवं सहायक प्रभारी रजनी गुर्जर के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर शाला के कार्मिक मंजुल मुकुल शर्मा, मनीष विधानी ,ताराचंद पायल, अशोक व्यास, सीमा साहू, शमीम बानो ,पवन नायक, सुशीला सांखला एवं रचना भांभरी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 2 नवंबर को ऊर्जा संरक्षण, 3 नवंबर को जल संरक्षण, 4 नवंबर को सतत खाद्य प्रणालियाँ एवं भोजन की बर्बादी रोकने, 5 नवंबर को एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल घटाने, 6 नवंबर को ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण एवं पुनः उपयोग तथा 7 नवंबर को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और कचरा कम करने पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालय के कार्यदिवसों एवं दीपावली अवकाश को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन तथा घर-परिवार के स्तर पर सहभागिता के विकल्प भी उपलब्ध रहेंगे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया जाएगा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत दैनिक जीवन की जिम्मेदार आदतों से होती है।

पुण्यार्थम : पूर्व यूआईटी चेयरमेन महावीर रांका ने जरुरतमंद बच्चों के साथ बांटी दिवाली की खुशियां



बीकानेर (खबर आस पास)। पूर्व यूआईटी चेयरमेन कार्यालय में जरुरतमंद बच्चों के साथ महावीर रांका ने दिवाली की खुशियां मनाई। भाजपा नेता महावीर रांका ने बच्चों को मिठाई खिलाते हुए पटाखे वितरित किए तथा दिवाली के महत्व पर संवाद किया। भारत माता के जयकारों के साथ बच्चों को देशभक्ति व संस्कारी जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। पुण्यार्थम (भगवान महावीर चाइल्ड वैलफेयर ट्रस्ट) के सचिव संजय कुमार ने बताया कि कच्ची बस्तियों, जरुरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने एवं उनमें नैतिक मूल्यों का निर्माण करना संस्था का प्रमुख लक्ष्य है। संस्था के बच्चों ने स्वयं द्वारा बनाए गए दीपक पूर्व यूआईटी चेयरमेन महावीर रांका को भेंट किए। भाजपा के रमेश भाटी ने बताया कि संस्था की ओर से बीकानेर समन्वयक पूनम राईका, भीनासर प्रभारी, तारा सोलंकी, शिवबाड़ी प्रभारी विजयश्री रैगर, शिक्षिकाओं में पुष्पा रैगर, ऋतु रैगर, मोनिका रैगर आदि शामिल रहीं। इस दौरान समाजसेवी चंद्रेश हर्ष, उपमहापौर पंकज गहलोत, शंकर सिंह राजपुरोहित, गौरीशंकर देवड़ा, शंभु गहलोत, आदर्श शर्मा, पार्षद संदीप गहलोत, राकेश माथुर, नरेन्द्र चंचल, प्रणव भोजक, धीरज रांका, किशन भाटी, धनराज जाखड़, नरेन्द्र भादाणी एवं दाऊलाल छंगाणी आदि उपस्थित रहे।

वेटरनरी विश्वविद्यालय : वेटरनरी स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्टेट कोटा की द्वितीय चरण की काउंसलिंग आयोजित

बीकानेर, (खबर आस पास)। वेटरनरी विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा प्रदेश के समस्त वेटरनरी महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए स्टेट कोटे की सीटों के लिए द्वितीय चरण की काउंसलिंग सोमवार को आयोजित की गई। स्नातक प्रवेश बोर्ड के चेयरमेन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि राजुवास बीकानेर तथा रूवास जोबनेर के संघटक एवं सम्बद्ध निजी वेटरनरी महाविद्यालयों और टांटिया यूनिवर्सिटी का श्रीगंगानगर वेटरनरी महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश हेतु द्वितीय चरण के स्टेट कोटे की 210 सीटों हेतु काउंसलिंग आयोजित की गई जिनमें से 166 सीटों पर प्रवेश दिया गया। मैनेजमेंट कोटा की 193 सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसलिंग बुधवार को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को नीट यू.जी. 2026 की मेरिट सूची, उपलब्ध सीटों की संख्या और राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार



प्रवेश दिया गए। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो की जांच की गई तथा दस्तावेज सत्यापन के बाद प्रवेश दिए गए। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rajuvas.ac.in पर उपलब्ध है।